NCERT

National Council Of Educational Research And Training

**NCERT Solutions for 7th Class Hindi: Chapter 8-शाम-एक किसान (कविता)**

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 7th Class Hindi: Chapter 8-शाम-एक किसान (कविता)

Class 7: Hindi Chapter 8 solutions. Complete Class 7 Hindi Chapter 8 Notes.

## NCERT Solutions for 7th Class Hindi: Chapter 8-शाम-एक किसान (कविता)

NCERT 7th Hindi Chapter 8, class 7 Hindi Chapter 8 solutions

पृष्ठ संख्या - 64

प्रश्न अभ्यास

कविता से

**1.** इस कविता में शाम के दृश्य को किसान के रूप में दिखाया गया है **-** यह एक रूपक है। इसे बनाने के लिए पाँच एकरूपताओं की जोड़ी बनाई गई है। उन्हें उपमा कहते हैं। पहली एकरूपता आकाश और साफ़े में दिखाते हुए कविता में 'आकाश का साफ़ा' वाक्यांश आया है। इसी तरह तीसरी एकरूपता नदी और चादर में दिखाई गई है, मानो नदी चादर-सी हो। अब आप दूसरी, चौथी और पाँचवी एकरूपताओं को खोजकर लिखिए।

उत्तर

दूसरी एकरूपता - चिलम सूरज-सी

चौथी एकरूपता - अँगीठी पलाश के फूलों-सी

पाँचवी एकरूपता - अंधकार भेड़ों के गल्ले-सा

**2.** शाम का दृश्य अपने घर की छत या खिड़की से देखकर बताइए **-**

क) शाम कब से शुरू हुई**?**

ख) तब से लेकर सूरज डूबने में कितना समय लगा**?**

ग) इस बीच आसमान में क्या-क्या परिवर्तन आए**?**

उत्तर

क) शाम छः बजे से शुरू हुई।

ख) सूरज को डूबने में करीब एक घंटा लगा।

ग) इस बीच आसमान का रंग लाल और कुछ देर बाद पीले रंग में परिवर्तित हो गया और कुछ देर बाद सूरज आसमान से गायब हो गया और चारों ओर अँधेरा छा गया।

पृष्ठ संख्या: 65

**3.** मोर के बोलने पर कवि को लगा जैसे किसी ने कहा हो **-** 'सुनते हो'। नीचे दिए गए पक्षियों की बोली सुनकर उन्हें भी एक या दो शब्दों में बाँधिए **-**

कबूतर कौआ मैना

तोता चील हंस

उत्तर

कबूतर - भाई, ख़त ले लो।

कौआ - सुनते हो, घर में मेहमान आने वाले हैं।

मैना - कैसे हो?

तोता - राम! राम! भाई।

चील - अरे,वह देखो नीचे क्या पड़ा है।

हंस - मेरी तरह शांत और स्वच्छ रहो।

कविता से आगे

**1.** इस कविता को चित्रित करने के लिए किन-किन रंगों का प्रयोग करना होगा**?**

उत्तर

इस कविता को चित्रित करने के लिए हमें पीला, भूरा, लाल, सफ़ेद, काला, हरा, आदि अनेक रंगों का प्रयोग करना पड़ेगा।

**2.** शाम के समय ये क्या करते हैं**?** पता लगाइए और लिखिए**-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पक्षी | खिलाड़ी | फलवाले | माँ |
| पेड़-पौधे | पिता जी | किसान | बच्चे |

उत्तर

- पक्षी – चहचहाते हुए अपने घोंसलों की ओर जाते हैं।
- खिलाड़ी – खेल समाप्त कर विश्राम करते हैं।
- फलवाले – जल्दी-जल्दी फल बेचने हेतु लोगों को पुकारते हैं व जल्दी ही सभी फल बेचकर घर जाने की तैयारी में होते हैं।
- माँ – घर के काम निबटाकर परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करती है।
- पेड़-पौधे – दिन-भर झूमते पेड़-पौधे शाम के समय दम-साधे खड़े हो जाते हैं मानो विश्राम करना चाहते हों।

- पिता जी – दफ्तर या दुकान से घर आते हैं व बच्चों के साथ समय बिताते हैं। इसके अलावा कई व्यापारी लोग दुकानों पर ही बैठे होते हैं।
- किसान – खेतों के काम को समाप्त कर घर की ओर चल देता है।
- बच्चे – माता-पिता के साथ समय व्यतीत करते हैं, कुछ मनोरंजन हेतु टी.वी. देखते हैं या कोई अन्य खेल खेलते हैं।

3. हिन्दी के एक प्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन पंत ने संध्या का वर्णन इस प्रकार किया है -

संध्या का झुटपुट-

बाँसों का झुरमुट-

है चहक रहीं चिड़ियाँ

टी-वी-टी--टुट्-टुट्

• ऊपर दी गई कविता और सर्वेश्वरदयाल जी की कविता में आपको क्या मुख्य अंतर लगा? लिखिए।

उत्तर

सुमित्रानंदन पंत ने अपनी कविता में संध्या का दृश्य चिड़ियों के माध्यम से दिखाया है वहीं सर्वेश्वरदयाल जी ने संध्या का दृश्य किसान के माध्यम से प्रस्तुत किया है। यही इन दोनों की कविताओं में मुख्य अंतर है।

भाषा की बात

1. लिखी पंक्तियों में रेखांकित शब्दों को ध्यान से देखिए-

(क) घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी

(ख) सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा

(ग) पानी का परदा-सा मेरे आसपास था हिल रहा

(घ) मँडराता रहता था एक मरियल-सा कुत्ता आस-पास

(ड) दिल है छोटा-सा छोटी-सी आशा

(च) घास पर फुदकती नन्ही-सी चिड़िया

• इन पंक्तियों में सा/सी का प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से कैसे शब्दों के साथ हो रहा है?

उत्तर

इन पंक्तियों में सा/सी का प्रयोग उन शब्दों के साथ किया जा रहा है जिनकी उपमा दी जा रही है। जैसे-नदी चादर-सी अर्थात् नदी चादर के समान। इससे इनमें तुलना और समानता प्रकट की जा रही है।

**2.** निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग आप किन संदर्भों में करेंगे**?** प्रत्येक शब्द के लिए दो-दो संदर्भ (वाक्य) रचिए। आँधी दहक सिमटा

उत्तर

आँधी - इस वक़्त मेरे मन में आशंकाओं की आँधी चल रही है।

कल रात में आई आँधी ने सब कुछ तबाह कर दिया।

दहक - उसे देखते ही मेरे मन में एक ज्वाला दहक उठा।

चूल्हे की आग अब तक दहक रही है।

सिमटा - डाँट खाने के बाद वो कोने में सिमटा बैठा है।

उसका कारोबार धीरे-धीरे सिमट रहा है।

NCERT 7th Hindi Chapter 8, class 7 Hindi Chapter 8 solutions

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 7 Hindi :


- Chapter 1- हम पंछी उन्मुक्त गगन के (कविता)
- Chapter 2-दादी माँ (कहानी)
- Chapter 3-हिमालय की बेटियां (निबंध)
- Chapter 4-कठपुतली (कविता)
- Chapter 5-मिठाईवाला (कहानी)
- Chapter 6-रक्त और हमारा शरीर (निबंध)
- Chapter 7-पापा खो गए (नाटक)
- Chapter 8-शाम-एक किसान (कविता)
- Chapter 9-चिड़िया की बच्ची (कहानी)
- Chapter 10-अपूर्व अनुभव (संस्मरण-जापानी)
- Chapter 11-रहीम के दोहे (कविता)
- Chapter 12-कंचा (कहानी)
- Chapter 13 -एक तिनका (कविता)
- Chapter 14-खानपान की बदलती तस्वीर (निबंध)
- Chapter 15-नीलकंठ (रेखाचित्र)
- Chapter 16-भोर और बरखा (कविता)
- Chapter 17-वीर कुँवर सिंह (जीवनी)
- Chapter 18-संघर्ष के कारण मैं तुनुकमिज़ाज हो गया: धनराज (साक्षात्कार)
- Chapter 19-आश्रम का अनुमानित व्यय (लेखा-जोखा)
- Chapter 20-विप्लव गायन (कविता

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.